C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:17 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:35 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 132 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 14 नवंबर 2026



ढिंढोरा के दूसरे सीजन का ट्रेलर...पेज-3 पर

News कॉर्नर

दिसंबर से फरवरी तक दून-हावड़ा के बीच संचालित उपासना एक्सप्रेस रद्द

देहरादून। सर्दी के मौसम में कोहरे से रेल परिचालन प्रभावित होने के चलते रेलवे ने देहरादून और हावड़ा के बीच संचालित होने वाली उपासना एक्सप्रेस ट्रेन के 52 फेरों को रद्द करने का निर्णय लिया है। जारी आदेश के अनुसार दिसंबर से फरवरी तक देहरादून-हावड़ा और हावड़ा-देहरादून चलने वाली उपासना एक्सप्रेस निर्धारित तिथियों पर संचालित नहीं होंगी। इससे देहरादून से पश्चिम बंगाल जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रेलवे के आदेश के मुताबिक ट्रेन संख्या 13035 हावड़ा-देहरादून उपासना एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को चलती है। इसके 26 फेरे रद्द किए गए हैं। वहीं, ट्रेन संख्या 13036 देहरादून-हावड़ा उपासना एक्सप्रेस के भी 26 फेरे निरस्त रहेंगे। यह ट्रेन बुधवार और शनिवार को संचालित होती है। दिसंबर 2026 में दोनों ट्रेनों के आठ-आठ फेरे, जनवरी 2027 में नौ-नौ फेरे और फरवरी में नौ-नौ फेरे रद्द किए जाने की सूचना दी गई है।

दो सप्ताह से लापता फौजी का जंगल में मिला शव

हल्द्वानी। करीब दो सप्ताह से लापता सेना के जवान की तलाश आखिरकार जंगल में मिले शव के साथ खत्म हुई। शीतला देवी मंदिर रानीबाग के समीप सनकोट के जंगल में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव की पहचान दमुवाढूंगा, काठगोदाम निवासी 42 वर्षीय पुष्कर सिंह मेहरा पुत्र भगत सिंह मेहरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पुष्कर सिंह मेहरा पिछले 15 दिनों से घर से लापता थे। परिजन उनकी तलाश में जुटे थे और पुलिस भी लगातार खोजबीन कर रही थी। इसी बीच जंगल में घास काटने गई एक महिला की नजर शव पर पड़ी। महिला की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की कार्रवाई की। सीओ लव शर्मा ने बताया कि लापता व्यक्ति की तलाश में पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।

मुख्यमंत्री आवास पर प्रवासी उत्तराखंडियों का हुआ स्वागत और रात्रिभोज

देहरादून

हमारे संवाददाता



मुख्यमंत्री ने प्रवासी को प्रदेश की पहचान और गौरव बताते हुए कहा उनके अनुभव, प्रतिभा और सामर्थ्य से राज्य के विकास को नई दिशा मिलेगी। प्रवासी अपनी संस्कृति, परंपराओं और पहचान के सशक्त संवाहक हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर तृतीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन के समापन के बाद रात्रिभोज का आयोजन किया। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रवासी उत्तराखंडियों का आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास यात्रा में उनके योगदान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने प्रवासियों को प्रदेश की पहचान और गौरव बताते हुए कहा उनके कि अनुभव, प्रतिभा और सामर्थ्य से राज्य के विकास को नई दिशा मिलेगी। प्रवासी अपनी संस्कृति, परंपराओं और पहचान के सशक्त संवाहक हैं। यह मिलन राज्य और प्रवासी समाज के बीच भावनात्मक संबंधों को मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री ने नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और देवभूमि की विशिष्ट पहचान को देश दुनिया में आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने के प्रयास जारी हैं। प्रवासियों का निवेश और नवाचार इस लक्ष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। पारंपरिक लोकगीतों और नृत्यों से देवभूमि की विशिष्ट पहचान जीवंत रूप में प्रस्तुत की गई। नंदा राजजात पर आधारित प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नंदा राजजात जैसी परंपराएं हमारी आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक हैं। उन्होंने प्रवासियों से अपने पैतृक गांवों से जुड़े रहने और उनके विकास में योगदान देने की अपील की।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रसार भारती के अध्यक्ष प्रसून जोशी, अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चित्रेशी रावत, मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ मौजूद रहे।

गौचर मेला: सीएम धामी की बड़ी घोषणा

सिमली अस्पताल पर बनेगी समिति मेडिकल कॉलेज को केंद्र को प्रस्ताव

खटीमा/श्रीनगर

हमारे संवाददाता



गौचर मेले के मंच से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली को स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार के क्षेत्र में नई सौगात देने की बात कही। उन्होंने सिमली महिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजने और अस्पताल से जुड़े मामले में समिति गठित करने की घोषणा की।

सिमली महिला अस्पताल को मेडीकल कालेज बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से केंद्र को प्रस्ताव भेजा जाएगा। साथ ही सिमली अस्पताल वाले मामले में जल्द समिति गठित की जाएगी। यह घोषणाएं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 74वें राजकीय औद्योगिक सांस्कृतिक एवं विकास मेले के उद्घाटन अवसर पर की।

सीएम धामी ने कहा कि यह मेला पीएम नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल की थीम को धरातल पर उतारता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गौचर मेले को उत्तराखंड की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान का जीवंत प्रतीक बताया।

खटीमा में भाजपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह में पहुंचे मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। देवभूमि उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। यहां देवी-देवताओं का वास है और यह भूमि राष्ट्रभूमि के रूप में भी अपनी पहचान रखती है।

उन्होंने कहा कि यह मेला वर्ष 1943 में भोटिया व्यापार मेले के रूप में शुरू हुआ था। उस समय गौचर भारत-तिब्बत व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र था। अब यह औद्योगिक और सांस्कृतिक मेले के रूप में देशभर में अपनी पहचान बना चुका है। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को अपने गांव और क्षेत्र में ही रोजगार के अवसर देने का प्रयास कर रही है। कृषि, बागवानी, पशुपालन और पर्यटन जैसी गतिविधियों से उनकी आय बढ़ाने पर जोर है। चमोली के ऊनी हस्तशिल्प और अन्य उत्पादों को देश-दुनिया के बड़े बाजारों तक पहुंचाने के लिए हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड की शुरुआत की गई है।

गुजरात के गांधीनगर में होगा उर्मिला सनावर का नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट

देहरादून

हमारे संवाददाता



अभिनेत्री उर्मिला सनावर का नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट गुजरात के गांधीनगर में होगा। अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित वीआईपी की भूमिका से जुड़े मामले में अभिनेत्री उर्मिला सनावर शुक्रवार को सीबीआई कोर्ट में उपस्थित हुईं।

कोर्ट पहुंचने से पहले उर्मिला ने पिछले दिनों हरिद्वार कोर्ट में अपने साथ हुए व्यवहार और अपनी तबीयत को लेकर कई बातें कहीं। उर्मिला सनावर ने आरोप लगाया कि जेल में उन्हें खाने-पीने की चीजों में कुछ दिया गया है। कहा कि उन्हें चलने-फिरने में भी दिक्कत हो रही है। मीडिया से बातचीत में उर्मिला ने खुद को इस मामले में व्हिसलब्लोअर के तौर पर पेश किया। उन्होंने कहा कि कथित वीआईपी का नाम उन्होंने ही उजागर किया है।

उर्मिला के मुताबिक, दिसंबर में उनके पीछे पूरे देश की पुलिस पड़ी थी, लेकिन इसके बावजूद वह अपनी बातों से पीछे नहीं हटीं। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड की जनता को लेकर भी कई टिप्पणियां कीं। उर्मिला ने अपने साथ हुए व्यवहार का जिक्र करते हुए अपनी बात रखी और मामले में अपनी भूमिका को लेकर भी बयान दिया।

सरकार और उनके करीबियों पर लगाए कई आरोप

हरिद्वार में हुई गिरफ्तारी को लेकर भी उर्मिला ने पुलिस, सरकार और उनके करीबियों पर कई आरोप लगाए। उर्मिला ने कहा कि उन्हें 26 अक्तूबर को नार्को टेस्ट की सुनवाई के लिए देहरादून आना था। इससे पहले दर्शन भारती और डीएस रावत ने उन्हें प्रलोभन दिया। उन्होंने स्कॉर्पियो-एन और 25 लाख रुपये लेने के बदले 26 अक्तूबर को देहरादून न आने की बात कही। उर्मिला के मुताबिक, जब वह इसके लिए तैयार नहीं हुईं तो रानीपुर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

80 फीसदी मुनाफे का सपना दिखाकर 1.98 लाख की चपत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शेयर बाजार में मोटा मुनाफा कमाने की चाहत एक व्यक्ति को भारी पड़ गई। आईपीओ और वायदा कारोबार (एफएंडओ) में 70 से 80 प्रतिशत तक निश्चित मुनाफे का लालच देकर साइबर ठगों ने पीड़ित से लाखों रुपये ठग लिए।

पांच बार में रकम खाते में मंगाने के बाद आरोपी न तो निवेश का हिसाब दे सके और न ही पैसा वापस किया। अब पीड़ित की शिकायत पर काठगोदाम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाइडिल गेट काठगोदाम निवासी सागर जोशी 30 जून को उनके पास एक फोन आया। कॉल करने वाले ने रितुराज नामक व्यक्ति की कंपनी का हवाला देते हुए आईपीओ और एफएंडओ ट्रेडिंग में निवेश कराने की बात कही। साथ ही 70 से 80 प्रतिशत तक पक्के मुनाफे का भरोसा दिलाया। मोटे रिटर्न के लालच में पीड़ित उसके झांसे में आ गए। इसके बाद पीड़ित ने गूगल-पे के जरिए अलग-अलग तारीखों में पांच बार रकम ट्रांसफर की। इस तरह कुल 1,98,400 रुपये आरोपियों तक पहुंच गए। निवेश के बाद जब पीड़ित ने अपने पैसों और आईपीओ की लिस्टिंग के बारे में जानकारी मांगी तो आरोपी संतोषजनक जवाब देने से बचने लगे। रकम वापस मांगने पर दो-चार दिन में भुगतान करने का दिलासा दिया जाता रहा, लेकिन पैसा लौटाने के बजाय लगातार टालमटोल की जाती रही। आखिरकार पीड़ित ने थाना काठगोदाम में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पांच जिलों में हल्की बारिश, ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के आसार

देहरादून। सर्द हवाओं के कारण सुबह-शाम के साथ दिन में भी ठंड महसूस होने लगी है वहीं, अब पर्वतीय इलाकों के मौसम में होने वाले बदलाव का सीधा असर तापमान में देखने को मिलेगा।

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में शनिवार को हल्की बारिश होने की संभावना है। जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का भी अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 14 नवंबर को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। जबकि 3200 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है।

पेड़ से टकराई बाइक, दो युवकों की दर्दनाक मौत

हल्द्वानी।

हमारे संवाददाता



रात के अंधेरे में दौड़ती बाइक की रफ्तार दो युवकों की जिंदगी निगल गई। ठांडा रेलवे क्रॉसिंग के पास तेज गति से जा रही मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा भिड़ी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवकों को संभलने तक का मौका नहीं मिला और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के करीब एक महीने बाद अब टीपीनगर थाने में तहरीर देकर लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में कार्रवाई की मांग की गई है।

रुद्रपुर के फूलसुंगी निवासी खेमराज चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 सितंबर की देर रात उनके भाई चेतन चौहान को वैभव पुत्र अशोक कुमार निवासी नंद विहार कॉलोनी, गंगापुर रोड, फूलसुंगी बाइक संख्या यू के 06 बी एन 8480 से रुद्रपुर से हल्द्वानी लेकर आया था। आरोप है कि वापस लौटते समय बाइक वैभव चला रहा था। तड़के करीब चार बजे ठांडा रेलवे क्रॉसिंग से हल्द्वानी की ओर तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई।

हादसे में चेतन और वैभव को गंभीर चोटें आईं और दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के समय बस से हल्द्वानी मंडी जा रहे आदित्य पांडेय निवासी फूलसुंगी और रामकृष्ण महतो निवासी किच्छा ने दुर्घटना को देखा था। दोनों को घटना का चश्मदीद गवाह बताया गया है।

एक महीने बाद पुलिस तक पहुंचा मामला

खेमराज ने रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी की वजह भाई के अंतिम संस्कार के लिए राजस्थान के पैतृक गांव जाना बताया है। उन्होंने 15 अक्टूबर को टीपी नगर पुलिस चौकी में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दो दिवसीय भीमताल लेक कार्निवाल की तैयारी

सजेगी सांस्कृतिक एवं बॉलीवुड प्रस्तुतियों की महफिल



नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल शहर में शनिवार (आज) व रविवार यानी कल को दो दिवसीय लेक कार्निवाल का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत दोनों दिन सांस्कृतिक एवं मनोरंजन से भरपूर संध्याओं का आयोजन किया जाएगा। इसी सिलसिले में लेक कार्निवाल आयोजन समिति की बैठक भी हुई।

सचिव लेक कार्निवाल आयोजन समिति नितिन राणा ने बताया कि शनिवार (आज) की सायं 7 बजे से डांठ भीमताल में उत्तराखंड फोक नाइट आयोजित की जाएगी इसमें प्रसिद्ध लोकगायिका स्वाति भट्ट एवं लोकगायक किशन महिपाल अपनी शानदार प्रस्तुतियों के माध्यम से देवभूमि उत्तराखंड की लोक संस्कृति और संगीत की छटा बिखेरेंगे तथा विहान सांस्कृतिक ग्रुप अल्मोड़ा द्वारा भी प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि कार्निवाल के दूसरे दिन यानी रविवार को सायं 7 बजे से बॉलीवुड नाइट का आयोजन किया जाएगा जिसमें दिल्ली का प्रसिद्ध द तत्व बैंड अपनी आकर्षक संगीत प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेगा तथा हुड़किया बैंड रुद्रपुर द्वारा भी प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि डांठ पार्किंग व दीनदयाल पार्क स्थित पार्किंग स्थल को बंद रखते हुए एलपी इंटर कॉलेज व जिला पंचायत डाक बंगले में वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं पर्यटकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्निवाल में प्रतिभाग कर इस सांस्कृतिक आयोजन का आनंद लें। इस दौरान लेक कार्निवाल आयोजन समिति सहसंयोजक पंकज जोशी, उपाध्यक्ष नीतेश बिष्ट, सांस्कृतिक सचिव पूरन जोशी, संयुक्त सचिव शरद पांडे व मोहित पडियार समेत कमल जोशी, पंकज उप्रेती, प्रकाश कनौजिया, प्रकाश आर्या समेत परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, जिला विकास अधिकारी संतोष कुमार पंत व सहायक परियोजना निदेशक चंदा फर्त्याल आदि उपस्थित थे।



नमः नैनीताल में क्रिसमस का केक मिकसिंग समारोह के साथ आगाज

नैनीताल

हमारे संवाददाता

क्रिसमस पर्व का केक मिकसिंग समारोह के साथ नमः नैनीताल में शुक्रवार को आगाज हुआ। समारोह में स्कूली बच्चों समेत बड़ी संख्या में सैलानी शामिल हुए। इस मौके पर गीत संगीत की धूम रही।

केक मिकसिंग समारोह में पौष्टिक पेय पदार्थों के साथ किशमिश, बादाम, काजू, अखरोट तथा कैंडिड फ्रूट्स और विभिन्न मसालों का मिश्रण किया गया। इस दौरान झिंगेक बैल गीत की धुनें गुंजायमान रहीं जबकि सेंट जॉन्स स्कूल के बच्चों ने गीत प्रस्तुत कर समारोह में मौजूद सैलानियों का भरपूर मनोरंजन किया। महा प्रबंधक अंजना मनोहर ने कहा कि यह पर्व होली दीपावली की तरह समृद्धि, खुशहाली और आपसी प्रेम का संदेश देने वाला पर्व है। आज से इसकी शुरूआत हो गई है और क्रिसमस तक मनोरंजक आयोजन किए जाते रहेंगे। कहा कि 24 दिसंबर को नगर में सेंटा कलौज की शोभा यात्रा निकाली जाएगी साथ ही अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर दिल्ली, गुजरात, नोएडा तथा उत्तर प्रदेश के सैलानी समेत सैफ सुशांत शाह, मोहित मेहरा, अनुपम दीक्षित व गौरव बिष्ट, एस सी जोशी तथा विक्रम रावत समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



बकरी पालकों के लिए बकरी सुधार पर विशेष कार्यक्रम हुआ आयोजित

धारी

हमारे संवाददाता

भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान मुक्तेश्वर द्वारा ग्राम अधरिया में बकरी पालकों के लिए बकरी सुधार पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत अगरिया ग्राम सभा के कुल 34 किसान भाई एवं बहनों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को बकरी पालन में पोषण के महत्व के ऊपर जानकारी दी गई साथ ही साथ गर्भावस्था के दौरान बकरियां एवं मेमनो के रखरखाव के बारे में जानकारी साझा की गई। विधि प्रदर्शन के अंतर्गत पशुपालकों को दवाई पिलाने के तरीके से अवगत कराया गया साथही पशु स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा पशुपालकों की समस्याओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ नितीश सिंह खत्रायत एवं डा. सैयद अबीद नबीदीन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में पशुपालकों को कैलशियम सप्लीमेंट एवं खनिज मिश्रण तथा अंतर एवं बाय कर्मियों से रोकथाम हेतु दवाइयां वितरित की गई।

कांग्रेसियों का भाजपा नेताओं के भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर विशेष हस्ताक्षर अभियान

नैनीताल

हमारे संवाददाता



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल एवं वर्तमान चेयरमैन बाजपुर व नैनीताल विधानसभा प्रभारी गुरजीत सिंह गित्ते के आह्वान पर शुक्रवार को नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल द्वारा नगर अध्यक्ष सचिन नेगी के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, गणेश जोशी तथा डॉ. धन सिंह रावत के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर विशेष हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम नागरिकों से संपर्क कर अभियान के उद्देश्य की जानकारी दी तथा हस्ताक्षर करवाकर प्रदेश सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।नगर अध्यक्ष सचिन नेगी ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जागरूकता फैलाना और सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करना कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों पर चुप बैठने वाली नहीं है और भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से लगातार बुलंद करती रहेगी। इस हस्ताक्षर अभियान में पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष संजय कुमार संजू, कांग्रेस कमेटी नगर उपाध्यक्ष मनोज मगगई, कांग्रेस कमेटी नगर महामंत्री संजय कुमार, कांग्रेस महामंत्री भैय्यू सती, मीडिया प्रभारी नरेश दुर्गापाल, नगर सचिव सुमित साह, नगर सचिव अविनाश शौकीया एवं नगर सचिव जुनैद अहमद, बलॉक अध्यक्ष राजेंद्र कोटल्या, महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष भावना भट्ट, भवाली नगर अध्यक्ष कंचन सुयाल, जिला पंचायत सदस्य निशांत कुमार, ग्राम प्रधान ज्योलिकोट नवल आर्या, रामलीला कमेटी अध्यक्ष नवीन जलाल, न्याय पंचायत अध्यक्ष खुरपाताल पवन अधिकारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनएसयूआई अभिषेक कुमार, मनोज भट्ट, रईस अहमद, राजू लाल, योगेश साह, शैलू उप्रेती, अमन तिवारी, रविंद्र राठौर, सिद्धार्थ टंडन सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

NEWS / फटाफट

होटल कर्मी की स्कूटी हुई अनियंत्रित, उपचार के दौरान हुई मौत

नैनीताल। नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के तहत ज्योलीकोट में देर शाम स्कूटी के अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर रूप से घायल एक होटल कर्मी की अस्पताल को ले जाते मौत हो गई। घटना क्रम में गेठिया स्थित होटल माटी का कर्मचारी साहिल शर्मा (33) देर शाम दूध आदि खरीदने आया था। खरीददारी करने के बाद सामान रखने के बाद स्कूटी नंबर यूके 04 टीबी-8604 लेकर जाने लगा तो स्कूटी अनियंत्रित होकर लगभग तीन फुट नीचे गिरी और युवक का सिर दीवार से जा टकराया और बेहोश हो गया। नाजुक स्थिति को देखते हुए स्थानीय निवासी दीपक शर्मा और राजेंद्र कोटलिया निजी वाहन से तुरंत ही उपचार के लिए हल्द्वानी निजी अस्पताल में ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मूल रूप से हिमांचल वर्तमान में दिल्ली निवासी मृतक साहिल शर्मा दो वर्ष से ज्यादा समय से होटल में कार्य कर रहा था।

गौरीपुल जौलजीबी से हंसेश्वर तक किया रिवर रन



नैनीताल । उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद पिथौरागढ़ द्वारा प्रायोजित हिमानी एडवेंचर द्वारा संचालित 6 दिवसीय रिवर राफटिंग प्रशिक्षण शुक्रवार को दूसरे दिन भी गोरी व काली नदी में जारी रहा। हिमानी एडवेंचर के अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरु रानी ने कहा कि प्रशिक्षण के दूसरे दिन पौधा रोपण अभियान के 851वें दिन पौधारोपण के साथ छात्रों को पेडलिंग, तैराकी के साथ आपदा प्रबंधन की जानकारी दी । वहीं छात्रों को गौरीपुल जौलजीबी से हंसेश्वर तक 6 किलोमीटर का रिवर रन कराया। राफटिंग से पूर्व छात्रों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। छात्रों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत नदी स्वच्छता शपथ दिलाई गई। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि यह प्रशिक्षण जारी रहेगा। प्रशिक्षण रिवर गाइड मनोहर सिंह ऐरी, विनोद धामी, पद्म सिंह, राजेंद्र सिंह, अजय धामी व नवीन राना व दमन ने दिया।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

बीते आठ दिन,नहीं लगा छात्र अर्णव का कोई सुराग, जांच पर उठाए सवाल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल की नैनापीक ट्रैक पर लापता हुए युवक अर्णव कुमार सिंह (उर्फ प्रिंस) का आठवें दिन भी कोई सुराग नहीं लग पाया है।

पुलिस, एसडीआरएफ , वन विभाग और डॉग स्क्वॉड की टीमें लगातार जंगलों में सर्च अभियान चला रही हैं लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद युवक का पता नहीं चल सका है। इधर आठ दिन बीतने के बाद भी बेटे की कोई जानकारी नहीं मिलने से परिजनों का धैर्य जवाब देने लगा है। लापता युवक के पिता पंकज ने पुलिस की जांच पर सवाल उठाते हुए मामले में अन्य पहलुओं को भी शामिल करने की मांग की है। पंकज का कहना है कि पुलिस लगातार जंगलों में तलाश अभियान चला रही है लेकिन आठ दिन बीत जाने के बाद भी उनके बेटे का कोई सुराग नहीं मिलना चिंता का विषय है। उन्होंने मांग की है कि जंगलों में सर्च अभियान के साथ ही अन्य संभावित पहलुओं पर भी गंभीरता से जांच की जाए। बेटे के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल और अन्य संबंधित जानकारियों की जांच कर यह पता लगाया जाए कि लापता होने से पहले उसने किन लोगों से संपर्क किया था और उसकी आखिरी गतिविधियां कया थीं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर आठ दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस उनके बेटे का पता क्यों नहीं लगा पाई है?

मामले में एसपी डॉ जगदीश चन्द्रा ने बताया कि युवक के लापता होने के बाद लगातार खोजबीन जारी है, परिजनों की ओर से भी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी हांलाकि पुलिस अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है। युवक के दोस्तों से पूछताछ के अलावा युवक की कॉल डिटेल भी निकाली जा रही है। ताकि मामले में कोई सुराग मिल सके।

सीएम धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार निरंतर प्रगति पर: हेम आर्य

नैनीताल

हमारे संवाददाता



उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलीकोट में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल वरिष्ठ भाजपा नेता हेम चंद्र आर्य ने प्रदेश के विकास, राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष और उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के संकल्प पर विस्तार से अपने विचार रखे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता हेम आर्य ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण हमारे महान पूर्वजों और राज्य आंदोलनकारियों के लंबे संघर्ष, कठिन परिश्रम और अनेकों बलिदानों का परिणाम है। उनके त्याग और संघर्ष के कारण ही हमें पृथक उत्तराखण्ड राज्य की प्राप्ति हुई। ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि हम सभी मिलकर उनके सपनों के अनुरूप एक सशक्त, समृद्ध और विकसित उत्तराखण्ड का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को उत्तराखण्ड के विकास में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए और पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ जनसेवा के कार्यों में योगदान देना चाहिए। आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने पिछले वर्षों में उत्तराखण्ड में विकास के अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। कार्यक्रम का संचालन भवाली मंडल महामंत्री वर्षा आर्या ने किया व अध्यक्षता भवाली मंडल अध्यक्ष हिमांशु बिष्ट ने की इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री पुष्कर सिंह जोशी, महिला मोर्चा अध्यक्ष भवाली रजनी रावत, ओबीसी मोर्चा नीरज गोस्वामी, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश सुयाल, शक्ति केंद्र संयोजक दीवान अधिकारी, ग्राम प्रधान सरियाताल हरगोविन्द सिंह रावत, बेलुवाखान प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष मनीष कुमार, हेमा रावत, सुभांगी रावत, ममता बर्गली व मीना बर्गली व चंद्रशेखर कार्की सहित भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

अभिमत

पूरे प्रदेश की बात

पहाड़ के नेताओं का मैदानी क्षेत्रों में पलायन समस्या की जड़ है। नेता पहाड़ से चुने गये और देहरादून व हल्द्वानी में आवास बना लिया है, जबकि जिम्मेदारी के साथ कहा जाये कि हम सब उत्तराखंड के निवासी हैं और पूरे प्रदेश की बात करनी चाहिए। पहाड़ और मैदान दो अलग-अलग प्रदेश नहीं हैं। पर्वतीय क्षेत्र से जन सामान्य के पलायन की बात की जाती है। पलायन आयोग बनाया गया, पलायन आयोग से क्यों नहीं पूछा जाता कि लोग पहाड़ क्यों छोड़ रहे हैं? मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, अधिकारी सब पहाड़ के हैं, फिर भी पलायन पर रोक के लिए जरूरी निर्णय क्यों नहीं होते?

उत्तराखंड राज्य के गठन की रजत जयंती मनाये जाने के बाद सवालों की भरमार हो गई है। सवालों के जवाब भी मिलते जा रहे हैं। दरअसल सवाल ही अपने आप में जवाब हैं। सच यह है कि माननीय जनप्रतिनिधियों ने राज्य की स्थिति, समस्या और भविष्य की दीर्घकालीन नीति पर गंभीरता नहीं दिखाई। शुभ संकेत यह रहा कि माननीयों को आइना जरूर दिखाया गया। पलायन और भ्रष्टाचार दो समस्याएं सबसे ऊपर रहीं तथा इसके लिए हर तरह से सभी राजनीति दलों से जुड़े लोगों पर उंगली उठी है। दलगत राजनीति से हटकर भविष्य में काम करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए, तभी पृथक उत्तराखंड राज्य गठन सार्थक होगा। बसपा विधायक ने विधानसभा में कटु सत्य बोलने का साहस किया और कहा कि पहाड़ के नेताओं का मैदानी क्षेत्रों में पलायन समस्या की जड़ है। नेता पहाड़ से चुने गये और देहरादून व हल्द्वानी में आवास बना लिया है, जबकि जिम्मेदारी के साथ कहा जाये कि हम सब उत्तराखंड के निवासी हैं और पूरे प्रदेश की बात करनी चाहिए। पहाड़ और मैदान दो अलग-अलग प्रदेश नहीं हैं। पर्वतीय क्षेत्र से जन सामान्य के पलायन की बात की जाती है। पलायन आयोग बनाया गया, पलायन आयोग से क्यों नहीं पूछा जाता कि लोग पहाड़ क्यों छोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, अधिकारी सब पहाड़ के हैं, फिर भी पलायन पर रोक के लिए जरूरी निर्णय क्यों नहीं होते? पहाड़ और मैदान का विषयमन करने वाले यह भूल जाते हैं कि पहाड़ पर चुनाव हार चुके नेताओं को मैदानी क्षेत्र के लोगों ने अपनाया और विजयी बनाया। इसके बाद भी पहाड़ और मैदान का भेदभाव किया जाता है। वर्तमान में हरिद्वार से लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचित प्रतिनिधि पहाड़ के हैं। बसपा विधायक ने याद दिलाया कि राज्य गठन के बाद दूसरे विधानसभा चुनाव के बाद सदन में जिस तरह के हालात देखे थे, वैसे आज भी हैं। सिर्फ पहाड़-पहाड़ हो रहा है। हरिद्वार ने पहाड़ के तीन नेताओं को लोकसभा पहुंचाया, पहाड़ और मैदान का भेदभाव नहीं किया। जब पहाड़ से नेता पलायन कर रहे हैं तो रोजी-रोटी के लिए लोग क्यों पलायन नहीं करें? पहाड़ पर उद्योग तथा रोजगार और व्यापार के अन्य संसाधन पिछले 25 साल से विकसित क्यों नहीं किये गये? पहाड़ और मैदान का भेदभाव करके अलग राज्य का गठन किया गया था। उत्तर प्रदेश पर पर्वतीय क्षेत्र के साथ भेदभाव का आरोप लगाया गया था। राज्य का गठन होने के बाद पर्वतीय क्षेत्र से पलायन और अधिक हुआ है। यह सच स्वीकार करना होगा कि उत्तराखंड का विकास नहीं हुआ, बल्कि भ्रष्टाचार का विकास हुआ है।

नैनीताल की ठंड ने बढ़ाई गर्म कपड़ों की मांग

जैकेट और लॉन्ग कोट की खूब हो रही खरीदारी, भोटिया मार्केट से लेकर पालिका बाजार तक सजे गर्म कपड़ों के बाजार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में नवंबर की शुरुआत के साथ ही ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह और शाम के समय बढ़ रही ठिठुरन के बीच अब लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। इसका असर शहर के बाजारों में भी दिखाई देने लगा है।

भोटिया मार्केट से लेकर न्यू पालिका बाजार तक गर्म कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है। जैकेट, स्वेटर, पुलीस, लॉन्ग कोट और ऊनी कपड़ों की मांग में तेजी आने से दुकानदारों के चेहरे भी खिलने लगे हैं।

बता दें कि नवंबर के पहले सप्ताह से ही नैनीताल में सुबह और शाम ठंड महसूस की जा रही है। दिन ढलने के साथ तापमान में गिरावट के चलते स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटन पर पहुंच रहे सैलानी भी गर्म कपड़ों की खरीदारी करते नजर आ रहे हैं। बाजारों में दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए रंग-बिरंगी जैकेट व गर्म कोट और अन्य ऊनी कपड़ों की नई रेंज सजा रखी है। इन दिनों बाजार में जैकेट, लौस, लॉन्ग कोट, स्वेटर, टोपी, मोजे, दस्ताने व मफलर और शॉल की सबसे अधिक मांग है। पर्यटक जहां अपने लिए गर्म कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं, वहीं बच्चों के लिए भी ऊनी कपड़े पसंद किए जा रहे हैं।

दुकानदारों का कहना है कि अभी कड़ाके की ठंड शुरू नहीं हुई है। दिसंबर और जनवरी में ठंड बढ़ने के साथ गर्म कपड़ों की बिक्री में और तेजी आने की उम्मीद है। खासकर बर्फबारी होने पर पर्यटकों के बीच गर्म कपड़ों की मांग बढ़ जाती है।



लोग पहुंच रहे गर्म कपड़ों की खरीददारी करने: तेजिग

भोटिया बाजार के दुकानदार तेंजिग के मुताबिक ठंड बढ़ने के साथ ही लोग गर्म कपड़ों की खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। इन दिनों जैकेट और ऊनी कपड़ों की अधिक मांग है। इस वर्ष यदि अच्छी बर्फबारी होती है तो गर्म कपड़ों की बिक्री में और तेजी आने की उम्मीद है। फिलहाल कोट और जैकेट ग्राहकों की पहली पसंद बने हुए हैं।

भरपूर मात्रा में है गर्म कपड़ों का स्टाकःपांडे

न्यू पालिका बाजार के व्यवसायी अनिल पांडे के मुताबिक ठंड के चलते पर्यटक गर्म कपड़ों की मांग कर रहे हैं। मांग में तेजी आने से दुकानदारों के चेहरे भी खिलने लगे हैं। इसे देखते हुए दुकानों में गर्म कपड़ों का पर्याप्त स्टॉक रखा गया है। दिसंबर और जनवरी में ठंड बढ़ने के साथ ही बिक्री में और इजाफा होने की उम्मीद है।

जिला अस्पताल में मरीजों हेतु बढ़ी सुविधाएं

नैनीताल । नैनीताल में लगातार बढ़ रही ठंड का असर अब अस्पतालों में भर्ती मरीजों पर भी पड़ने लगा है। सुबह और शाम के साथ ही रात के समय तापमान में गिरावट से मरीजों की परेशानी बढ़ने लगी है। इसे देखते हुए राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों को ठंड से बचाने के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए हैं। अस्पताल के सभी वार्डों में भर्ती मरीजों को रात के समय अतिरिक्त कंबल मुहैया कराए जा रहे हैं वहीं वार्डों को गर्म रखने के लिए बेड के अनुसार हीटर भी लगाए गए हैं।

बता दें नवंबर की शुरुआत से नैनीताल में ठंड का असर बढ़ा है। शुक्रवार को आसमान में हल्के बादल छाए रहने के कारण मौसम में ठिठुरन बन रही है। ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए। इसका असर अस्पताल में भर्ती मरीजों पर भी पड़ रहा है।

नैनीताल मॉल रोड को टैक्सी स्टैंड बना रहे बाहरी चालक

नैनीताल । नैनीताल की माल रोड पर टैक्सी चालकों की मनमानी यातायात व्यवस्था पर भारी पड़ रही है। तल्लीताल और मल्लीताल में निर्धारित टैक्सी स्टैंड होने के बावजूद बाहरी टैक्सी चालक मालरोड के कई स्थानों को ही टैक्सी स्टैंड बनाए हुए हैं। यहां सड़क किनारे वाहन खड़े कर खुलेआम सवारियां भरी जा रही हैं। हैरानी की बात यह है कि पुलिस की चालानी कार्रवाई के बाद भी चालक अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

बता दें मालरोड पर लाइब्रेरी के समीप, इंडिया होटल के पास और तल्लीताल रिक्शा स्टैंड के नजदीक टैक्सी वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। चालक सड़क किनारे वाहन खड़े कर पर्यटकों को बैठाते नजर आते हैं। इससे सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने के साथ ही कई बार जाम की स्थिति भी बन रही है। स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए टैक्सी चालकों ने नया तरीका अपना लिया है।

कैबिनेट मंत्री कैड़ा ने किया सीएचसी भीमताल का औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल विधान सभा क्षेत्र के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने बीरवार देर रात भीमताल नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य सुविधाओं एवं चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री कैड़ा ने अस्पताल में तैनात चिकित्सकों से स्वास्थ्य सुविधाओं, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं, मरीजों के उपचार एवं अस्पताल में मौजूदा संसाधनों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि अस्पताल पहुंचने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर उचित एवं बेहतर उपचार मुहैया कराया जाए ताकि किसी भी मरीज को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।मंत्री कैड़ा ने विशेष रूप से आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को लेकर चिकित्सकों को निर्देशित करते हुए कहा कि इमरजेंसी के दौरान अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों का प्राथमिकता के आधार पर भीमताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि मरीजों को छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं अथवा सामान्य आपातकालीन परिस्थितियों में अनावश्यक रूप से अन्य अस्पतालों में रेफर न किया जाए। केवल अत्यंत गंभीर स्थिति में जब मरीज के उपचार के लिए उच्च चिकित्सा सुविधाओं की आवश्यकता हो तभी चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार अन्यत्र रेफर किया जाए।उन्होंने कहा कि क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आम जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। मंत्री कैड़ा ने स्पष्ट कहा कि मरीजों की सेवा सर्वोपरि है और स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



फिल्मी दुनिया

ढिंढोरा के दूसरे सीजन का ट्रेलर हुआ रिलीज परेशान दिखे टिटू मामा



दर्शकों को सीरीज ढिंढोरा के दूसरे सीजन का कांफी इंतजार है। इस बीच मेकर्स ने भुवन बाम अभिनीत शो का ट्रेलर रिलीज किया है। यह अपकमिंग सीजन बीबी की वाइन्स की एक मजेदार और अनोखी दुनिया को दर्शकों के सामने ला रहा है।

ट्रेलर में नजर आ रहा है कि टिटू मामा एक ऐसे बदकिस्मत अंकल हैं, जो अक्सर अनचाहे और अजीब हालात में फंस जाते हैं। उनके साथ हैं बबलू जी, जानकी, समीर और बांचो। इन सभी किरदारों को भुवन ने ही निभाया है। साथ ही, इस परिवार में एक नया और अहम सदस्य भी जुड़ा है, संजीदा शेख। वह टिटू मामा की पत्नी कविता मामी के किरदार में नजर आएंगी। अपनी दुनिया को नेटफ्लिक्स पर लाते हुए, अभिनेता और क्रिएटर भुवन बाम ने कहा, जब मैंने पहली बार इन किरदारों को बनाया था, तो मैं चाहता था कि वे अनोखे होने के साथ-साथ जाने-पहचाने भी लगें। यही बीबी की वाइन्स की खासियत है। टिटू मामा हमेशा ऐसी स्थितियों में फंस जाते हैं, जिनके लिए उन्होंने कभी सोचा भी नहीं होता। इस बार, वह अपने ससुराल वालों के साथ सुलह करने की कोशिश कर रहे हैं। जैसा कि आप समझ सकते हैं, इसमें कई तरह की मुश्किलें भी आती हैं।

सीजन 2 में बढ़ा हंगामा

भुवन ने आगे कहा नेटफ्लिक्स के साथ जुड़ने से हमें बीबी की वाइन्स की दुनिया को एक बड़े कैनवास पर ले जाने का मौका मिला है। इससे हम ढिंढोरा की मूल भावना और हास्य को बरकरार रखते हुए अपने विचारों को और भी बेहतर ढंग से पेश कर पाए हैं। सीजन 2 में हंगामा और भी बढ़ गया है। मैं दर्शकों को टिटू मामा को फिर से एक्शन में देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। आखिरकार जब टिटू मामा शामिल हों, तो शांति की उम्मीद करना बेकार है!

नैनीताल के स्रोव्यू वार्ड में बढ़े जल बिलों से हाहाकार, सभासद ने जल संस्थान को लिखा पत्र

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के स्रोव्यू वार्ड 5 में अत्यधिक जल बिल आने से क्षेत्र के निवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिलों में सामान्य से बहुत अधिक राशि अंकित होने से लोगों में रोष है। इसको लेकर नगर पालिका परिषद नैनीताल के वार्ड-5 के सभासद जितेंद्र कुमार पांडे ने अधिशासी अभियंता उत्तराखंड जल संस्थान नैनीताल को पत्र लिखकर बिलों के संशोधन की मांग की है।

पत्र में सभासद ने कहा है कि वार्ड क्षेत्र में अधिकांश लोगों के जल बिल अत्यधिक आ रहे हैं। वर्तमान में जो बिलों का मूल्य अंकित है वह सामान्य से बहुत अधिक है जिससे क्षेत्र के निवासियों में काफी रोष व्याप्त है। क्षेत्रवासी शीघ्र ही उक्त बिलों में संशोधन कर कम करने की मांग कर रहे हैं। अन्यथा विभाग के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किए जाने हेतु बाध्य होंगे।सभासद ने जनहित को दृष्टिगत रखते हुए स्रोव्यू वार्ड क्षेत्र में स्थित निवासियों के जल बिलों का परीक्षण कर संशोधन करते हुए कम करने की कृपा करने का अनुरोध किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अन्यथा जनता द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने की दशा में आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।



News कॉर्नर

चार्ता में पिंजरे में कैद नहीं हुआ तेंदुआ, दहशत

नैनीताल। नैनीताल वन प्रभाग के तहत मनोरा वन रेंज के चार्ता गांव में आतंक का पर्याय बना तेंदुआ वन विभाग की ओर से लगाए गए पिंजरे में अब तक कैद नहीं हो पाया है। हालांकि वन विभाग की ओर से तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव के समीप पिंजरा लगाने के साथ ही क्षेत्र में गश्त भी की जा रही है। बता दें कि बीते दिनों चार्ता गांव के आसपास तेंदुआ लगातार दिखाई दे रहा था। दिन ढलते ही तेंदुए की आवाजाही बढ़ने से ग्रामीणों में भय का माहौल था। इसी बीच तेंदुआ गांव के बीच से एक ग्रामीण के खच्चर को मार डाला । घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने और क्षेत्र में नियमित गश्त करने की मांग की थी। ग्रामीणों की शिकायत और लगातार बढ़ती तेंदुए की गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग ने शुक्रवार 6 नवंबर को गांव के समीप पिंजरा लगा दिया था लेकिन 8 दिन बीत जाने के बाद भी तेंदुआ पिंजरे में नहीं फंसा है।

किसान गोष्ठी में उन्नत प्रजातियों की दी जानकारी

काशीपुर। गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर की ओर से गन्ना विकास परिषद काशीपुर परिक्षेत्र के ग्राम परमानंदपुर में एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसानों को आगामी गन्ना बुवाई, उन्नत बीज, रोग प्रबंधन और वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी गई। गोष्ठी में गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी नीलेश कुमार ने कहा कि गन्ने की खेती में गहराई और दूरी का बहुत महत्व है। किसान गुल खोलकर गहराई में बुवाई करें और दूरी बनाए रखें जिससे गन्ने को फैलाव में मदद मिलेगी। गन्ना अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि वर्तमान में 15023, 13235, 14201, 12226 जैसी उन्नतशील प्रजातियां हैं जिन्हें किसानों को अपनाना चाहिए। 0238 प्रजाति रेड रॉट रोग की चपेट में आ गई है, इसलिए किसान इसकी बुवाई बिल्कुल न करें और इसे बदलें।

अस्पताल में गर्भवती की मौत से उबाल, परिजनों का फूटा गुस्सा, अस्पताल के बाहर धरना

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



अस्पताल में जिंदगी की उम्मीद लेकर पहुंची गर्भवती महिला की मौत ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रामपुर रोड स्थित पी एस पी अस्पताल में अर्शदीप कौर की मौत के बाद शनिवार को परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। अस्पताल के बाहर धरना देकर उन्होंने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और उपचार में कथित लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग उठाई। गौलापार के दानीबगर स्थित ग्राम सीतापुर निवासी अर्शदीप कौर पत्नी तलविंदर सिंह को 11 नवंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब एक वर्ष पहले ही उसकी शादी हुई थी। परिजनों के मुताबिक, 13 नवंबर की रात उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टरों ने आवश्यक जांच किए बिना ही प्रसव के लिए ऑपरेशन कर दिया। उनका दावा है कि इसी दौरान उपचार में लापरवाही बरती गई, जिसके चलते महिला की जान चली गई। हालांकि, इन आरोपों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। मौत की खबर के बाद शनिवार को परिजनों ने अस्पताल के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप भुल्लर भी उनके समर्थन में धरने पर पहुंचे। हंगामे की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से बातचीत कर स्थिति संभाली। मामले ने तूल पकड़ा तो स्वास्थ्य विभाग ने भी जांच शुरू कर दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि पंत ने बताया कि मातृ मृत्यु के प्रत्येक मामले की समीक्षा मैटरनल डेथ सर्विलांस एंड रिस्पॉन्स (एमडीएसआर) के तहत अनिवार्य है। अस्पताल प्रबंधन को पत्र भेजकर 24 से 48 घंटे के भीतर निर्धारित प्रारूप में विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। जांच में यह देखा जाएगा कि उपचार के दौरान निर्धारित चिकित्सा प्रोटोकॉल का पालन हुआ था या नहीं। मोटाहल्दू स्थित चिकित्सा अधिकारी प्रभारी की टीम को मृतका के घर जाकर सामुदायिक स्तर पर जांच करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सीएमओ के अनुसार, अस्पताल की रिपोर्ट और स्वास्थ्य विभाग की टीम के आकलन के बाद पहले सीएमओ स्तर पर समीक्षा होगी। इसके बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मातृ मृत्यु ऑडिट कराया जाएगा। जांच में उपचार की प्रक्रिया, चिकित्सकीय निर्णय और मौत की परिस्थितियों का विस्तृत विश्लेषण किया जाएगा। एसपी सिटी हरबंस सिंह ने बताया कि अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत होने की जानकारी मिली है। फिलहाल परिजनों की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से भी इनकार कर दिया है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

होटल में नाबालिग से हैवानियत, पूर्व छात्रसंघ प्रत्याशी समेत चार गिरफ्तार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



शहर में होटल के कमरों तक नाबालिगों की पहुंच और संचालकों की जवाबदेही पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। कटघरिया के एक होटल में 15 वर्षीय किशोरी से कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले ने सनसनी फैला दी है। पुलिस ने छात्रसंघ अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी समेत चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि होटल में पहचान पत्र की जांच किए बिना कमरा उपलब्ध कराने का मामला भी सामने आया है। अब पुलिस की जांच होटल प्रबंधन तक पहुंच गई है। पुलिस ने धीरज बिष्ट, नितिन पाल, अंश खत्री और हिमांशु गौनी को गिरफ्तार किया है। इनमें धीरज बिष्ट एमबीपीजी कॉलेज में वर्ष 2026 के छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी रह चुका है। शनिवार को चारों आरोपियों को पॉक्सो न्यायालय में पेश किया गया। शिकायत के अनुसार किशोरी घर से घूमने निकली थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने तलाश शुरू की तो उसकी लोकेशन कटघरिया स्थित त्रिशूल होटल के बाहर मिली। बाद में किशोरी ने परिजनों को अपने साथ हुई कथित दरिंदगी की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों की तहरीर पर मुखानी थाने में चारों युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

होटल में बिना पहचान पत्र कैसे मिला कमरा: मामले की जांच के दौरान पुलिस ने होटल पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाली। प्रारंभिक जांच में पहचान पत्र की जांच किए बिना कमरा उपलब्ध कराने की बात सामने आई है। ऐसे में होटल संचालक की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। पुलिस होटल प्रबंधन के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी कर रही है एसएसपी के निर्देश पर चारों गिरफ्तार एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज की और चारों को गिरफ्तार कर लिया। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस घटना से जुड़े साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और होटल प्रबंधन की भूमिका की जांच कर रही है।

विज्ञान महोत्सव एवं ड्रामा के लिए प्रतिभागियों का चयन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव एवं ड्रामा के लिए प्रतिभागियों का चयन किया गया है। एम.बी. इंटर कालेज में आयोजित जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय कोटाबाग प्रथम, राजकीय इंटर कालेज पैंटना द्वितीय तथा राजकीय इंटर कालेज मोतीनगर के प्रतिभागी तृतीय रहे। विजेता विद्यालयों के प्रतिभागी राज्य स्तरीय महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड कृषि उत्पादन एवं विपणन बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू रहे। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारी समिति के उपाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री हुकम सिंह कुंवर, मुख्य शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र आर्य, डा. दिनेश चंद्र जोशी, प्रदीप कुमार जोशी, पुरुषोत्तम बिष्ट, प्रधानाचार्य डीके पंत आदि उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में अमर सिंह बिष्ट, तिलक चंद्र जोशी, कीर्ति, मीनाक्षी शामिल रहीं।



सारथी फाउंडेशन समिति ने नन्हे-मुन्ने बच्चों के संग मनाया बाल दिवस

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बाल दिवस के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सारथी फाउंडेशन समिति ने प्राइमरी पाठशाला बमोरी नगर के नन्हे-मुन्ने बच्चों के संग बाल दिवस बड़े धूमधाम से मनाया।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद संस्था द्वारा बच्चों को खेलने के लिए कैरम, लूडो, शतरंज, फुटबॉल, पजल और छोटे बच्चों को छोटी बॉल प्रदान की गई। साथ ही बच्चों को चॉकलेट, चिप्स आदि के पैकेट बनाकर दिए गए। सभी चीजों को पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष नवीन पंत ने कहा कि हर वर्ष बच्चे इस दिन का इंतजार करते हैं और हमें भी बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने की ललक रहती है। हम अपने को बहुत सौभाग्यशाली समझते हैं कि हमें बच्चों को खुशी देने का अवसर मिला। इसके लिए हम स्कूल की प्रधानाचार्या चम्पा पुरोहित जी का बहुत-बहुत धन्यवाद प्रकट करते हैं। स्कूल की प्रधानाचार्या चम्पा पुरोहित ने सारथी फाउंडेशन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब से सारथी संस्था ने स्कूल में कदम रखा है, तभी से बच्चों में बाल दिवस के प्रति ज्यादा रुचि रही है और बच्चे भी वर्ष भर इस दिन का इंतजार करते हैं। सारथी संस्था को मैं दिल से धन्यवाद करती हूँ कि आप आए और आपने बच्चों को सुंदर उपहार दिए। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव ज्ञानेंद्र जोशी ने किया। कार्यक्रम अध्यक्ष नवीन पंत, सचिव ज्ञानेंद्र जोशी, सीऐ सरोज आनंद जोशी, योगेश पांडे, गिरीश चन्द्र लोहनी, प्रदीप सबरवाल, अनुप कुमार, , हेमा जोशी, गीता बेलवाल, भावना जोशी, भावना पांडे, रंजना जोशी संतोष गौड़ आदि उपस्थित रहे।



अल्मोड़ा की बॉक्सर श्रेया ने झटका कांस्य पदक

अल्मोड़ा। जिले की बालिका मुक्केबाजों ने रामनगर में आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। शुक्रवार को हुई इस प्रतियोगिता में श्रेया पनेरू ने कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं तनुजा बिष्ट ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। यूथ बालिका के 54-57 किलो भार वर्ग के सेमीफाइनल में श्रेया पनेरू को देहरादून की सांची थापा से हार का सामना करना पड़ा था। इसके चलते उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

खनन कारोबारियों को राहत, 481 वाहनों का नामांतरण

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



लंबे इंतजार के बाद आखिरकार खनन कारोबार से जुड़े 481 वाहन स्वामियों की बड़ी परेशानी दूर हो गई। गौला और नंधौर नदी में खनन कार्य करने वाले वाहनों के स्वामित्व परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी कर जिला प्रशासन ने नामांतरण को मंजूरी दे दी है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर खनन समिति के माध्यम से यह कार्रवाई की गई। प्रशासन के अनुसार गौला नदी के 431 और नंधौर नदी के 50 वाहनों समेत कुल 481 वाहनों का स्वामित्व परिवर्तन किया गया है। इससे लंबे समय से नामांतरण का इंतजार कर रहे वाहन स्वामियों को राहत मिली है।

मृतकों के परिजनों को भी राहत: इस कार्रवाई में उन वाहन स्वामियों के परिवारों को भी राहत मिली है, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। ऐसे वाहनों का स्वामित्व नियमानुसार उनके आश्रितों के नाम किया गया है। इससे अब परिजन वाहन संचालन और खनन कारोबार से जुड़ी जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर सकेंगे।

नितेश हत्याकांड: मुख्य हमलावर विकास मुठभेड़ में गिरफ्तार, पिता-भाई भी दबोचे

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



नितेश हत्याकांड के मुख्य हमलावर विकास को बारदात के 12 घंटे के भीतर मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलभट्टा में पिस्टल छीनकर भागने की कोशिश के दौरान उसके पैर में गोली लगी। वह नेपाल भागने की फिराक में था।

रुद्रपुर जिला अस्पताल में नितेश जोहरी की हत्या के बाद फरार हुए मुख्य हमलावर विकास को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। बारदात के दौरान विकास सबसे आगे था और उसी ने नितेश पर चाकू से मुख्य वार किए थे। हत्या के बाद वह बरेली पहुंच गया था और नेपाल भागने की फिराक में था। पुलिस ने उसके भाई और पिता को भी गिरफ्तार किया है। जगतपुरा में मोबाइल कारोबारियों के बीच हुए विवाद के बाद कारोबारी नितेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद पुलिस उसे रुद्रपुर ला रही थी। इसी दौरान पुलभट्टा थाना क्षेत्र बरेली रोड पर आरोपी पिस्टल छीनकर भागने लगा और पुलिस पर ही फायरिंग करने लगा। जबाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लग गई और पुलिस ने उसे दबोच लिया। एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि गठित टीमों ने पहले उसके भाई और पिता आकाश कुमार और विनोद कुमार को गिरफ्तार किया। इसके बाद विकास की गिरफ्तारी हुई।

पुलिस के अनुसार, मामले में अब तक तीन आरोपी पकड़े जा चुके हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ अन्य संदिग्धों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलभट्टा, दिनेशपुर और एसओजी की टीमें दबिश दे रही हैं।